हिन्दुस्थान समाचार
Hindusthan Samachar
स्थापित – 1948
सत्य संवाद सेवा
बहुभाषी न्यूज एजेंसी
Saturday, 24 May, 2025



# आईआईटी बॉम्बे में शिक्षा प्रौद्योगिकी और राष्ट्र निर्माण पर संगोष्ठी

20 Jun 2025 18:51:32



लखनऊ, 20 जून (हि.स.)। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस), लखनऊ के महानिदेशक (तकनीकी) प्रो.भरत राज सिंह ने आईआईटी बॉम्बे में शिक्षा प्रौद्योगिकी और राष्ट्र निर्माण पर आयोजित एक संगोष्ठी में भाग लिया। संगोष्ठी का उद्देश्य शिक्षा प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर राष्ट्र निर्माण और एक अधिक कुशल कार्यबल तैयार करना था।

इस संगोष्ठी का एक मुख्य आकर्षण स्पोकन ट्यूटोरियल प्रमाणित उम्मीदवारों के लिए रोजगार क्षमता बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए आयोजित पूर्ण सत्र था। एसएमएस लखनऊ जो 2011 से स्पोकन ट्यूटोरियल परियोजना का सबसे पुराना भागीदार है। एआई, डेटा साइंस, क्लाउड कंप्यूटिंग और मशीन लर्निंग जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों को शामिल करने के लिए पाठ्यक्रमों को अद्यतन करने का प्रस्ताव रखा, जिसे व्यापक स्वीकृति मिली। एसएमएस के योगदान की सराहना की गई।

प्रो. सिंह की वापसी पर एसएमएस लखनऊ के सीईओ शरद सिंह ने कहा कि वे हमेशा अपने छात्रों को अपने करियर के निर्माण के लिए नई प्रौद्योगिकी मंच अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यह एसएमएस के शिक्षा में नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयासों के अनुरूप है।

संगोष्ठी में नैक के अध्यक्ष प्रो. अनिल सहस्रबुद्धे, एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो. टीजी सीथाराम और स्पोकन ट्यूटोरियल के आविष्कारक प्रो. कन्नन सहित प्रतिष्ठित वक्ताओं ने भाग लिया।

हिन्दुस्थान समाचार / रोहित कश्यप

---

https://www.hindusthansamachar.in/Encyc/2025/6/20/Seminar-on-Education-Technology-and-Nation-Buildin.php